दैनिक जागरण inext
PAGE NO :06 BOTTOM

साई एकेडमी और एसआरएमएस एकेडमी की टीम सेमीफाइनल में

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (14 March): श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन थर्सडे को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए. पहला मुकाबला साई क्रिकेट एकेडमी ने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराकर जीता और सेमीफाइनल में स्थान बनाया. दूसरा क्वार्टर फाइनल एसआरएमएस किंग्स और अफरीदी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया. जिसमें एसआरएमएस किंग्स ने अफरीदी क्लब को तीन विकेट से हरा कर सेमी फाइनल में स्थान पक्का किया. आदर्श शर्मा ने अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर छक्का मार कर एसआरएमएस किंग्स को जीत दिलाई. किंग्स के लिए शिव कुमार राठी ने 47 गेंदों पर एक छक्के और सात चौकों की मदद से महत्वपूर्ण 63 रन की पारी खेली. राठी को ही मैन ऑफ द मैच चुना गया. पहले क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस एकेडमी को 6 रन से हराने में योगदान देने वाले साई एकेडमी के गेंदबाज लकी को मैन ऑफ द मैच चुना गया. लकी ने तीन ओवर में 16 रन देकर महत्वपूर्ण दो विकेट लिए.

लकी बने मैन ऑफ द मैच

सुबह में पहले क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर साई क्रिकेट एकेडमी को बैटिंग का न्यौता दिया. एसआरएमएस एकेडमी के कप्तान अभिनव शर्मा ने पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर ओपनर आयुश तंवर का विकेट लेकर फील्डिंग करने के अपने फैसले को सही साबित किया.